**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0सं0:** 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य योजना (अवधि विस्तार)– 08 / 2025 706

सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)**
वीरचन्द पटेल पथ,
बिहार, पटना।

**पटना, दिनांक** 26/02/2026

विषय :– **बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत राजस्व मानचित्रों तथा खतियान के अद्यतनीकरण हेतु भू–सर्वेक्षण कार्य एवं भू–अभिलेखों का स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन योजना को चालू रखते हुए 01 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए योजना के अवधि विस्तार हेतु राज्य योजना अन्तर्गत 1078,86,85,000.00 (दस सौ अठहत्तर करोड़ छियासी लाख पचासी हजार) रूपये मात्र के व्यय एवं नियमित तथा संविदा सहित कुल 16012 पदों (नियमित 1504 एवं विशेष सर्वेक्षण हेतु सृजित एवं पूर्व से सृजित संविदा के 14508) के अवधि विस्तार की स्वीकृति।**

**आदेश :– स्वीकृत।**

2. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत राजस्व मानचित्रों तथा खतियान के अद्यतनीकरण हेतु भू–सर्वेक्षण कार्य एवं भू–अभिलेखों का स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन योजना को चालू रखने हेतु दिनांक 16.01.2026 को लोक वित्त समिति से एवं दिनांक 20.02.2026 को मंत्रीपरिषद से दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक अर्थात 01 वर्ष 03 माह के लिए अवधि विस्तार की स्वीकृति प्राप्त की गई है, जिसमें कार्य सम्पन्न कर लिया जायेगा।

3. उक्त योजना को चालू रखने हेतु वित्तीय वर्ष दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक अर्थात 01 वर्ष 03 माह के लिए योजना का अवधि विस्तार करते हुए राज्य योजना मद से 1078,86,85,000.00 (दस सौ अठहत्तर करोड़ छियासी लाख पचासी हजार) के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है।

जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अवयव का नाम | वित्तीय वर्ष 2025–26 अर्थात् दिनांक 01.01.2026 से 31.03.2026 तक कुल आकलित व्यय | वित्तीय वर्ष 2026–27 अर्थात् दि0 01.04.2026 से 31.03.2027 तक कुल वार्षिक आकलित व्यय | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | स्थापना मद में व्यय (वेतनादि मद) | 176700000 | 956025000 | 1132725000 |
| 2 | स्थापना मद से भिन्न मद में व्यय (वेतनादि मद से भिन्न मद) | 1766500000 | 7337150000 | 9103650000 |
| 3 | राजस्व अभिलेखों के स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन योजना मद में व्यय | 100000000 | 446300000 | 546300000 |
| 4 | विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य अन्तर्गत सीमा स्तम्भों का अधिष्ठापन। | 1010000 | 5000000 | 6010000 |
| | **कुल योग :–** | **2044210000** | **8744475000** | **10788685000** |
| | **(दस अरब अठहत्तर करोड़ छियासी लाख पच्चासी हजार) रूपये मात्र** | | | |

4. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा अधिसूचित बंदोबस्त कार्यालयों में कार्यरत नियमित एवं संविदा पर नियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों/अंचल स्तर पर भू–अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण कार्य कर रहे संविदा पर नियोजित डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत नियमित/संविदा के वेतनादि मद में राशि का भुगतान राज्य योजना की राशि से बजट मुख्य शीर्ष – 2029 – भू– राजस्व – उप मुख्य शीर्ष – 00 –लघुशीर्ष – 102 – सर्वेक्षण तथा बन्दोबस्त कार्य – उप शीर्ष – 0101 – सर्वेक्षण और बन्दोबस्त कार्य का पुनरीक्षण, मांग संख्या – 40, विपत्र कोड सं0 40–2029001020101 राज्य योजना स्कीम कोड –5536 के अन्तर्गत उपबंधित राशि से की जायेगी।

5. विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य अन्तर्गत सीमा स्तम्भों का अधिष्ठापन का कार्य मुख्य शीर्ष– 2029–भू–राजस्व–उप मुख्य शीर्ष –00– लघु शीर्ष 103– भू–अभिलेख – उप शीर्ष –0106– सीमा स्तम्भों का परिचालन– माँग संख्या– 40– विपत्र कोड– 40–2029001030106 के अन्तर्गत राज्य योजना के अन्तर्गत उपबंधित राशि से की जायेगी।

6. **पदों का अवधि विस्तार** :– लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आगामी 01 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक अर्थात 01 वर्ष 03 माह के लिए निम्न तालिका अनुसार नियमित तथा संविदा सहित कुल **16012 पदों (नियमित 1504 एवं विशेष सर्वेक्षण हेतु सृजित एवं पूर्व से सृजित संविदा के 14508)** पदों के अवधि विस्तार किया गया है :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | पूर्व से स्वीकृत नियमित पद | पूर्व से स्वीकृत संविदा पद | संकल्प संख्या–315 दिनांक 27.02.2019 के द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्य हेतु सृजित पद | संकल्प संख्या– 2677 दिनांक 29.09.2022 के द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्य हेतु सृजित पद | विशेष सर्वेक्षण कार्य हेतु कुल सृजित संविदा आधारित पद (5+6) | संविदा पदो के अवधि विस्तार की स्वीकृति हेतु कुल प्रस्तावित पद (4+7) | नियमित पद के अवधि विस्तार की स्वीकृति हेतु कुल प्रस्तावित पद | अवधि विस्तार स्वीकृति हेतु प्रस्तावित नियमित पद एवं संविदा पद सहित कुल पदों की संख्या (8+9) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बंदोबस्त पदाधिकारी | 38 | — | — | — | — | — | 38 | 38 |
| 2 | प्रभारी पदाधिकारी | 38 | — | — | — | — | — | 38 | 38 |
| 3 | प्राचार्य | 2 | — | — | — | — | — | 2 | 2 |
| 4 | अनुदेशक | 7 | — | — | — | — | — | 7 | 7 |
| 5 | सहायक बदोबस्त पदाधिकारी | 105 | — | — | — | — | — | 105 | 105 |
| | विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | — | — | 275 | 259 | 534 | 534 | — | 534 |
| 6 | राजस्व अधिकारी–सह–कानूनगो | 204 | — | — | — | — | — | 204 | 204 |
| | विशेष सर्वेक्षण कानूनगो | — | — | 550 | 518 | 1068 | 1068 | — | 1068 |
| 7 | कार्यालय अधीक्षक | 9 | — | — | — | — | — | 9 | 9 |
| 8 | प्रधान लिपिक | 31 | — | — | — | — | — | 31 | 31 |
| 9 | उच्चवर्गीय लिपिक | 80 | — | — | — | — | — | 80 | 80 |
| 10 | निम्नवर्गीय लिपिक | 244 | — | — | — | — | — | 244 | 244 |
| | विशेष सर्वेक्षण लिपिक | — | — | 550 | 518 | 1068 | 1068 | — | 1068 |
| 11 | प्रारूपक | 77 | — | — | — | — | — | 77 | 77 |
| 12 | अमीन / सर्वेयर | 160 | — | — | — | — | — | 160 | 160 |
| | विशेष सर्वेक्षण अमीन | — | — | 4950 | 6300 | 11250 | 11250 | — | 11250 |
| 13 | चालक | 16 | — | — | — | — | — | 16 | 16 |
| 14 | कार्यालय परिचारी / परिचारी (जंजीरवाहक) | 493 | — | — | — | — | — | 493 | 493 |
| 15 | कार्यपालक सहायक / डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | — | — | 275 | — | 275 | 275 | — | 275 |
| 16 | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर / कम्प्यूटर ऑपरेटर | — | 26 | 12 | — | 12 | 38 | — | 38 |
| 17 | आई0टी0 ब्वाय / कार्यालय परिचारी, | — | — | 275 | — | 275 | 275 | — | 275 |
| **कुल योग** | | **1504** | **26** | **6887** | **7595** | **14482** | **14508** | **1504** | **16012** |

8. राजस्व अभिलेखों के स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन योजना के अन्तर्गत राजस्व अभिलेखों के पूर्व से स्वीकृत एवं पुनरीक्षित योजना के अतिरिक्त 12.21 करोड़ पृष्ठों के स्कैनिंग एवं अतिरिक्त पृष्ठों के स्कैनिंग में होने वाले 2176.00 लाख रूपये मात्र के व्यय सहित पुनरीक्षण एवं योजना अवधि तक विस्तार किया गया है।

9. संविदा आधारित सृजित कार्यपालक सहायक के पद पर जिला स्तर से नियोजन नहीं होने के फलस्वरूप कार्यपालक सहायक के सृजित 275 पद के विरूद्ध **डाटा इंट्री ऑपरेटर** का नियोजन बेल्ट्रॉन के माध्यम से किया जायेगा।

10. संविदा आधारित सृजित **कार्यालय परिचारी** (बाह्यस्त्रोत) के 275 पदों पर संविदा नियोजन बाह्यस्त्रोत एजेंसी के माध्यम से किया जायेगा।

11. योजनान्तर्गत कार्य हेतु उपबंधित एवं स्वीकृत राशि की निकासी के लिए महालेखाकार से प्राधिकार पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी विधिवत् रूप से स्वीकृत एवं अनुमान्य दर पर राशि की निकासी एवं व्यय के लिए सक्षम होंगे।

12. प्रस्ताव में लोक वित्त समिति की स्वीकृति योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक 40 लो0वि0/यो0वि0, पटना, दिनांक 16.01.2026 द्वारा प्राप्त है।

13. विभिन्न योजनाओं के लिए कर्णांकित राशि के व्यय, योजना एवं योजनान्तर्गत कार्यालयों के लिए स्वीकृत पदों के अवधि विस्तार (नियमित एवं संविदा)/संविदा पदों पर बेल्ट्रॉन/बाह्यश्रोत एजेंसी से नियोजन की स्वीकृति के प्रस्ताव में संचिका संख्या– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य योजना (अवधि विस्तार)– 08/2025 की टिप्पणी पृष्ठ संख्या– 24/टि0 में दिनांक 20.02.2026 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या– 33 पर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

14. विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की संचिका संख्या– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य योजना (अवधि विस्तार)–08/2025 के टिप्पणी पृष्ठ संख्या– 26 /टि0 दिनांक 24/02/26 पर प्राप्त कर स्वीकृत्यादेश का संसूचन किया गया है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

25/02/2026

**(सी0 के0 अनिल)**
प्रधान सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**सं०सं०**: 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य योजना (अवधि विस्तार)– 08 / 2025....706.... **पटना, दिनांक** :26/02/2026

**प्रतिलिपि** : योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना / सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रधान सचिव** 26/02/2026
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**सं०सं०**: 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य योजना (अवधि विस्तार)– 08 / 2025....706.... **पटना, दिनांक** :

**प्रतिलिपि** : निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना / बजट प्रशाखा–5, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रधान सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**सं०सं०**: 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य योजना (अवधि विस्तार)– 08 / 2025....706.... **पटना, दिनांक** :26/02/2026

**प्रतिलिपि** :– सभी समाहर्त्ता / सभी समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी / बन्दोबस्त पदाधिकारी / प्राचार्य, राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर एवं बोधगया / उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रधान सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**सं०सं०**: 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य योजना (अवधि विस्तार)– 08 / 2025....706.... **पटना, दिनांक** :26/02/2026

**प्रतिलिपि** :– सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रधान सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**सं०सं०**: 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य योजना (अवधि विस्तार)– 08 / 2025....706.... **पटना, दिनांक** :26/02/2026

**प्रतिलिपि** :– सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रधान सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**सं०सं०**: 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य योजना (अवधि विस्तार)– 08 / 2025....706.... **पटना, दिनांक** :26/02/2026

**प्रतिलिपि** :– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग / आई0टी सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/02/2026

**प्रधान सचिव**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग